हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 14 जनवरी 2024

तापमान
अधिकतम 30.6 डिग्री
न्यूनतम 14.4 डिग्री



11 राष्ट्रीय युवा दिवस पर हुई भाषण पेंटिंग और रंगोली प्रतियोगिता



12 मिशन के कर्मचारी बने बाबू करोड़ों खर्च, खराब रैंकिंग





न्यु
ओम ज्वेलर्स
हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री
शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता
टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध
जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN
शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है
■ मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ■ जितना सोना उतना चांदी फ्री
संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स
शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी


## खबर संक्षेप

### नेवई भाठा में श्रीमद् भागवत कथा आज से

**भिलाई।** एसएसवी ग्रुप्स एवं समस्त संधु परिवार श्री श्यामा श्याम धाम परिवार के द्वारा श्रीमद् भागवत कथा महापुराण ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन श्रीश्यामा श्याम धाम मंदिर नेवई भाठा उमरपोटी भिलाई में 14 से 22 जनवरी तक किया जा रहा है। मुख्य अतिथि तिमिरेंदु शेखर सिंह के द्वारा दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया जाएगा। भागवताचार्य पं. राजेश शर्मा रनचिराई वाले होंगे। कथा समय दोपहर 1 से 5 बजे तक रहेगा। सरदारनी हरदिका कौर पति स्व. सोमा सिंह प्लॉट नं 58 लोकनगर, उमरपोटी भिलाई द्वारा समस्त श्रद्धालुओं से कथा श्रवण लाभ लेने के लिए उपस्थित होने की अपील की है।

### मकर संक्रांति का पर्व आज, विविध कार्यक्रम

**भिलाई।** श्री चतुर्भुज मेमोरियल फाउंडेशन अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि दिव्यांग मैदान भिलाई निवास के पास मकर संक्रांति का पर्व 14 जनवरी को सुबह 10.30 बजे दिव्यांग बच्चों के सानिध्य में मना रहे हैं। ये बच्चे पतंग उड़ायेंगे, खेलेंगे और चित्र बनाएंगे। समारोह में शहर के चुनिंदा विशिष्ट जन उपस्थित होकर इनकी हौसला अफजाई करेंगे।

### पारिवारिक मिलन व प्रतिभा सम्मान आज

**दुर्ग।** संस्था 'अथक' के तत्वावधान में 14 जनवरी को सुबह 10 बजे से सीएसआईटी कोलिहापुरी दुर्ग में वार्षिक पारिवारिक मिलन व विशिष्ट प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध भाषाविद् डॉ. चित्तरंजन कर होंगे। अध्यक्षता डायरेक्टर सीएसआईटी दुर्ग अजय प्रकाश वर्मा करेंगे। विशेष अतिथि पूर्व सचिव छग राज्य पिछड़ा वर्ग बलदाऊराम साहू होंगे।

### परिचय सम्मेलन आज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज का जिला स्तरीय यादव सामाजिक सम्मेलन 14 जनवरी को सुबह 9 बजे से नपा अहिवारा गौठान के पास आयोजित है। यादव महासम्मेलन, सम्मान समारोह युवक-युवती परिचय सम्मेलन एवं आदर्श सामुहिक विवाह, सामाजिक भवन का लोकार्पण एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। मुख्य अतिथि विजय साहू, ठाकुर राम यादव होंगे। कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील।

### दिसंबर माह का कर्मियों को अब तक नहीं मिला वेतन, कैसे पटाएं बच्चों की फीस

# शहर के तीन नगर निगमों में फिर बढ़ा वित्तीय संकट

### कमिश्नर से मिला कर्मचारी संघ, दी धरने की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

प्रदेश में सरकार बदलने के बाद भी नगर सरकारों के दिन नहीं बदले हैं। भिलाई के तीन नगर निगम के सैकड़ों कर्मचारियों को फिर से वेतन के लाले पड़ने लगे हैं। मुलाजिमों और अधिकारियों को दिसंबर महीने का वेतन अब तक नहीं मिला है। इससे उन्हें आर्थिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कर्मचारी संघ ने कमिश्नर से मिलकर जल्द वेतन दिलवाने की मांग की है। ऐसा नहीं होने पर धरने के लिए मजबूर होने की चेतावनी दी है।

नगर निगम भिलाई सहित रिसाली निगम और भिलाई तीन -चरौदा निगम में वित्तीय संकट फिर शुरु हो गया है। इसका खामियाजा सैकड़ों कर्मचारियों को भुगतना पड़ रहा है। नौ महीने बाद उन्हें फिर तनख्वाह के लिए तरसना पड़ रहा है। कर्मचारियों को दिसंबर महीने का वेतन अब तक नहीं मिला है। जबकि वेतन भुगतान की निर्धारित तारीख 7 है। पिछले माह भी उन्हें विलंब से वेतन मिला था। वेतन की लेटलतीफी के चलते कर्मियों को आर्थिक तंगी से जूझना पड़ रहा है। इससे उनमें असंतोष बढ़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी भिलाई निगम में हो रही है। कर्मचारियों ने बताया कि पिछले साल दिसंबर जनवरी में भी दो दो महीने विलंब से वेतन मिल रहा था। कई बार धरना प्रदर्शन करना पड़ा है। तब निगम प्रशासन ने आश्वस्त किया था कि आगे वेतन का संकट नहीं आएगा। कर्मियों को उम्मीद थी कि प्रदेश में सरकार बदलने के बाद कर्मचारियों के अच्छे दिन आएंगे। लेकन ऐसा नहीं हुआ । निगम की तस्वीर बदल रही है और न ही कर्मचारियों की वेतन संबंधी समस्याओं का ही निदान हो पा रहा है। पिछले महीने का वेतन नहीं मिलने से कर्मचारियो को राशन, बच्चों की फीस और इलाज आदि में परेशानी हो रही है। निकट भविष्य में वेतन मिलने के भी आसार कम बताए जा रहे हैं, क्योंकि निगम के पास फंड है और न ही शासन से पैसा आ रहा है। कर्मचारी कांग्रेस संघ के बैनर तले प्रतिनिधि मंडल ने अध्यक्ष संजय शर्मा के नेतृत्व में कमिश्नर श्री ध्रुव ले मिलरकर जल्द वेतन दिलवाने की मांग की। बताया कि दिसंबर माह का वेतन अब तक नहीं मिला है। पिछले साल भी इसी तरह की समस्या कई महीने तक आई थी।

### प्रदेश में सरकार बदली, निगम में नहीं बदले हालात



#### भिलाई-चरोदा कर्मियों को 97 लाख पेमेंट



नगर पालिक निगम भिलाई-चरोदा में रेगुलर कर्मी 159 है। जबकि प्लेसमेंट के 229 कर्मी है। रेगुलर कर्मियों को 65 लाख और प्लसमेंट को 32 लाख रुपए का भुगतान प्रतिमाह किया जाता है। लेकिन कुछ माह से दो माह का भुगतान कर्मियों को नहीं मिल पाया था। 7 जनवरी को माह नवम्बर का वेतन दिया गया बल्कि दिसंबर का अब भी कर्मियों का देना बचा हुआ है। प्लसमेंट कर्मियों में कई कर्मी निगम में काम करना छोड़ व्हीआईपी और अधिकारियों के यहां ड्यूटी करते नजर आते है। वेतन नहीं मिलने से कर्मियों में जमकर रोष देखा जा रहा है।

#### निगम के वित्तीय संकट से बढ़ी वेतन समस्या

प्रदेश के सबसे बड़ने निकायों में से एक नगर निगम भिलाई को लंबे समय से वित्तीय संकट का सामना करना पड़ रहा है। समय समय पर कर्मचारियों के वेतन की लेटलतीफी की समस्या इसकी की उपज है। निगम में आर्थिक संकट की वजह शासन द्वारा अधिकतर आय के सोर्स खत्म खत्म कर देना है या फिर कम कर देना है। सबसे बड़े आय का जरिया संपत्ति कर वसूली को डैमेज कर दिया गया है। वसूली का काम निजी कंपनी को दे दिया गया है, विभाग के कर्मियों को अन्य कामों में लगा दिया गया है। इसी तरह चुंकी कर, सायकल स्टैंड, बाजार वसूली आदि निगम के कई आय के सोर्स शासन ने खत्म कर दिये हैं। भूखंड बिक्री का पैसा भी सीधे शासन को भेजा जा रहा है। दुष्परिणाम यह है कि संचित निधि तक का पैसा दूसरे मद या कर्मियों के वेतन के लिए उपयोग करना पड़ रहा है। कर्मियों ने कहा कि नई सरकार को निगम को मजबूत बनाने की जरुरत है। भिलाई से टूटकर अलग बने रिसाली निगम व भिलाई तीन चरौदा में भी वेतन की समस्या बनी हुई है।

# इलाज सही नहीं करने पर डॉक्टर की चेम्बर में पिटाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



■ सुपेला पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ किया जुर्म दर्ज
■ मरीजों को लेकर शिकायत मिल रही थी लगातार

मरीजों का उपचार सही नहीं करने को लेकर एक डॉक्टर की चेम्बर के भीतर जमकर पिटाई करने का मामला सामने आया है। घटना की शिकायत के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। घटना रामनगर सुपेला में स्थित स्पर्श मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल का है। मिली जानकारी के मुताबिक स्पर्श अस्पताल में डॉ. दीपक कोठारी अपनी सेवा देते हैं। पिछले लंबे समय से शिकायत मिल रही थी कि डॉ. कोठारी अस्पताल में मरीज का ऑपरेशन करने के लिए आते हैं। इसके बाद से उनका फॉलोअप सही तरीके से नहीं लेते और मरीज को अपने दुर्ग स्थित अस्पताल में इलाज के लिए बुलाते हैं। इसकी शिकायत अस्पताल के मार्केटिंग कर्मियों समेत डॉक्टरों ने भी बोर्ड की बैठक में किया। इसके बाद अस्पताल के मेडिकल ऑफिसर डॉ. सावंत ने डॉ. दीपक कोठारी को ऐसा न करने की चेतावनी भी दी। बावजूद डॉ. कोठारी नहीं माने और शुक्रवार 12 जनवरी को भी उन्होंने कुछ ऐसा ही किया। आरोप है कि डॉ. दीपक कोठारी ने एक मरीज का ऑपरेशन किया। लेकिन मरीज के ब्लीडिंग की शिकायत होने के बाद भी उसका सही उपचार नहीं किया। डॉक्टर ने मरीज को अपने दुर्ग वाले अस्पताल में बुला लिया। जब इस बात की जानकारी डॉयरेक्टर डॉ. दीपक वर्मा को हुई। तब उन्होंने डॉ. संजय गोयल को इसकी सारी जानकारी से अवगत कराया। दोनों ने डॉ. दीपक कोठारी को डॉ. वर्मा के चैंबर में बुलाया। वहां डॉ. दीपक वर्मा ने डॉ. दीपक कोठारी को समझाया कि वो यहां के मरीजों को अपने अस्पताल में आने के लिए बाध्य न करें। इससे अस्पताल का नुकसान हो रहा है और कर्मियों की सैलरी तक निकालने में परेशानी हो रही है। यह बात सुनकर डॉ. दीपक कोठारी आक्रोशित हो गए।

#### दोनों पक्षों के खिलाफ काउंटर केस

डॉ. दीपक कोठारी ने डॉ. वर्मा को देख लेने तक की धमकी देते हुए चेम्बर में ही गालीगलौज करना शुरु कर दिया। डॉ. वर्मा ने इसका विरोध करने लगे तब दोनों के बीच मारपीट होने लगा। इतने में वहां डॉ संजय गोयल भी पहुंचे। फिर डॉ कोठारी ने शाम को सुपेला थाने पहुचकर डॉ. दीपक वर्मा, डॉ. संजय गोयल के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज करा दिया। इसके बाद स्पर्श के डॉक्टरों ने भी डॉ. दीपक कोठारी की शिकायत की। सुपेला पुलिस ने डॉ. संजय गोयल, डॉ. दीपक वर्मा के खिलाफ मारपीट करने का मामला बनाया है। विवाद बढ़ने के बाद शिकायत पर दोनों पक्षों के खिलाफ काउंटर मामला दर्ज किया है।

#### विवाद के बीच अस्पताल पहुंचा मरीज

बताया जा रहा है कि स्पर्श मल्टीस्पेशियलिटी अस्पताल में उपचार करा रहा एक मरीज भी पहुंचा था। मरीज अपना पैर का उपचार उसी अस्पताल में चलने की बात कही थी। जिसका उपचार डॉ दीपक कोठारी के द्वारा किया जा रहा था। मरीज ने आरोप लगाया कि डॉ. कोठारी अपने अस्पताल में कम रुपए में उपचार करने के लिए कहा था। मगर जब मरीज स्पर्श अस्पताल पहुंचा, तो उन्होंने उसका उपचार अधिक पैसे लेकर किया।उसने कहा कि मेरे अस्पताल में आते तो इससे कम पैसों में उपचार कर देता।

#### दोनों पक्षों के खिलाफ काउंटर हुआ

दोनों पक्षों के खिलाफ पुलिस ने जुर्म दर्ज किया गया है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएगा उसी आधार पर कार्रवाई की जाएगी। मामला राम नगर स्थित स्पर्श अस्पताल का है। दोनों पक्ष एक दूसरे पर अलग-अलग आरोप लगा रहें हैं। जांच के बाद ही सही स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

-दुर्गेश शर्मा, टीआई सुपेला

### मजदूरों की पिटाई के बाद ठेकेदार ने तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



■ थाना पुलगांव क्षेत्र की घटना

मजदूरों और ठेकेदार के मध्य मारपीट के मामले में ठेकेदार गंभीर रुप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया गया। जहां उपचार के बाद ठेकेदार की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने जुर्म दर्ज कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक 10 जनवरी की रात डी मार्ट के सामने निर्माणाधीन बहू मंजिला इमारत में ठेका काम कराने वाला ठेकेदार बिहार निवासी संतोष कुमार शर्मा है। किसी बात को लेकर ठेकेदार संतोष और मजदूरों के साथ आपस में विवाद हो गया। घटना में मजदूरों ने लाठी, हाथ मुक्के से ठेकेदार के साथ जमकर मारपीट कर दिया। जिसे गंभीर अवस्था में निजी अस्पताल में दाखिल कराया गया। जहां शुक्रवार की देर रात संतोष कुमार शर्मा की मौत हो गई। घटना की खबर लगते ही पुलिस कुछ लोगों से पूछताछ कर रही है।

#### वैशाली नगर पुलिस की कार्रवाई

# चिट्टा के साथ युवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



■ जूपिटर के डिक्की में रखकर चल रहा था आरोपी

नशे के खिलाफ लगातार चल रही है कार्रवाई। इसके मद्देनजर पुलिस ने वैशाली नगर थाना क्षेत्र से चिट्टा के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने नारटोकिट एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। वैशाली नगर टीआई ममता अली शर्मा ने बताया ति मुखिबर की सूचना पर सार्वजनिक शौचालय विकास पारा रामनगर के पास युवक को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर युवक ने अपना नाम गुरुनानक नगर सड़क 7मकान नंबर 22 निवासी रंजीत सिंह उर्फ रिंकू 32 वर्ष बताया है। आरोपी के पास से पुलिस ने स्कूटी के डिक्की में प्लास्टिक के भीतर लपेटा हुआ 3.32 ग्राम हेरोइन (चिट्टा) बरामद किया। जिसकी कीमत 18 हजार रुपए आंकी गई है उसके पास जुपिटर सीजी 07 बीडी 8134 व नगदी रकम 14 हजार भी जप्त किया है। कार्रवाई में टीआई ममता अली शर्मा, सउनि केसेन्द्र सिंह चौहान,प्रधान आरक्षक हेमंत सिंह, आरक्षक विरेन्द्र यादव, आरक्षक दिनेश जयसवाल, आरक्षक राजेश सिन्हा, नितेश पाण्डेय, सुरेश यादव आदि मौजूद थे।

### प्राणघातक हमला करने वाला चढ़ा पुलिस के हत्थे



**भिलाई।** प्राणघातक हमला करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धारा धारा 294, 506, 307 के तहत जुर्म दर्ज किया है। वैशाली नगर टीआई ममता अली शर्मा ने बताया कि मकान आरटीआर 19 हाउसिंग बोर्ड निवासी प्रहलाद गुप्ता जामुल में रात को शराब खरीदने जवाहर नगर में स्थित भट्टी गया हुआ था। जहां भीड़ अधिक होने पर हाउसिंग बोर्ड मकान 05/05 निवासी अंकित अहिरे उर्फ छोटा बाबु 10 रुपए लेकर शराब दिलवाता है। जिसे पीड़ित ने शराब लाने के लिए बोल दिया। इसी बात को लेकर अंकित आक्रोश में आकर गाली गलौज कर पीड़ित के पेट में चाकू से वार कर दिया। फरार आरोपी को पकड़ने के लिए पुलिस ने टीम बनाया और सूचना पर अंकित अहिरे को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर अंकित ने घटना करना स्वीकार किया।

#### चलती ट्रेन से गिरी महिला, उपचार जारी

**भिलाई।** चलती ट्रेन से गिरने वाली महिला को पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल भेजा है। सूचना पर छावनी पुलिस मौके पर पहुंची और सुरक्षित महिला को अस्पताल पहुंचाया। छावनी लिस ने बताया कि पावर हाउस रेलवे स्टेशन में सी 4 रायपुर से इवेन्ट डीआरजी 13 जनवरी /11 से सूचना मिली थी कि अज्ञात महिला चलती ट्रेन से नीचे गिर गई। मौके पर आरक्षक मोतीलाल पाण्डेय, अश्वनी पावर हाउस रेलवे स्टेशन पहुंचा और कालर से संपर्क किया। घायल महिला की उम्र 35 वर्ष की लोकेश्वरी देवांगन है। जो चलती ट्रेन से गिर गई थी।

### नशे के सौदागर तक पहुंची पुलिस, ब्राउन शुगर भी बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



■ सुपेला पुलिस को मिली सफलता

नशे के सौदागर को पुलिस ने अभियान चलाकर गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने नारकोटिक एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर पुलिस दक्षिण गंगोत्री सर्कस मैदान सुपेला पहुची थी। जहां ब्राउन शुगर बेचते युवक पकड़ा गया। युवक का नाम शिक्षक कालोनी छोटा भवानी नगर सरस्वती नगर रायपुर निवासी सदेश मेश्राम 28 वर्ष बताया है। उसके पास से पुलिस ने 18 नग ब्राउन शुगर की पुड़िया 8.73 ग्राम जप्त किया। जिसकी कीमत 19 हजार रुपए आंकी गई है। आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड में जेल भेज दिया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि नशे के खिलाफ जिले में लगातार अभियान चलाकर इससे जुड़े कारोबारियों पर शिकंजा कसा जा रहा है। जिले में इस तरह का कारोबार करने वालों को खोज-खोज कर कार्रवाई भी की जा रही है। इस कार्रवाई में सुपेला टीआई दुर्गेश शर्मा समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

#### सीएसवीटीयू में युवा दिवस समारोह में शामिल हुए उपमुख्यमंत्री

# स्वामी विवेकानंद के विचारों से निरंतर मिलती है प्रेरणा: विजय

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



सीएसवीटीयू युवा दिवस के अवसर पर उपमुख्यमंत्री व तकनीकी शिक्षा मंत्री विजय शर्मा बतौर अतिथि शामिल हुए। श्री शर्मा ने युवा दिवस के अवसर पर सभी को बधाई दी। उन्होंने तकनीकी विश्वद्यालय भिलाई में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि यह खुशी की बात है कि इस विश्वविद्यालय का नाम स्वामी विवेकानंद के नाम से है। हमें उनके विचारों से निरंतर प्रेरणा लेनी चाहिए। जीवन में आगे बढ़ने के लिए आत्म विश्वास की आवश्यकता होतीहै। हमें स्वयं पर विश्वास करना चाहिए। उन्होनें स्वामी विवेकानंद जी द्वारा वेदांत के बारे में बताई गई बातों को सुनने और समझने का आग्रह किया। श्री शर्मा ने कहा कि 22 जनवरी को भगवान अपने घर आ रहे है। अपने घरों में दीपक जरूर जलाये। उन्होंने शिक्षित युवाओं को लोकतंत्र की ताकत समझने एवं उसमें सक्रिय भूमिका निभाने कहा। उन्होंने विश्वविद्यालय के स्मार्ट क्लास, कम्प्यूटर लैब के साथ विभिन्न कक्षों का अवलोकन किया। इस अवसर पर उन्होनें विभिन्न तकनीकी कार्यों का लोकार्पण किया। जिसमें विश्वविद्यालय द्वारा संचालित सीएसवीटीयू-फोर्ट, आरपीटीओ, न्यूकलियश टेक एवं सीएसवीटीयू-दिसा शामिल है। विधायक ललित चंद्राकर व रिकेश सेन ने भी संबोधित किया। कुलपति प्रोफेसर एमके वर्मा के दूरदर्शी परिप्रेक्ष्य के अंतर्गत सीएसवीटीयू द्वारा ग्रामीण उद्यमिता, ड्रोन पायलट प्रशिक्षण और कुशल मानव संसाधन जैसे मिल के पत्थर स्थापित किये जा रहे हैं।

#### पहले रिमोट पायलेट ट्रेनिंग सेंटर का हुआ लोकार्पण

उप मुख्यमंत्री एवं तकीनीकी शिक्षा मंत्री शर्मा ने तकनीकी विश्वविद्यालय द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के साथ साथ मध्य भारत में पहले रिमोट पायलट ट्रेनिंग आर्गेनाइजेशन (आरपीटीओ) लोकार्पण किया। यह ड्रोन एप्लीकेशन सेवा प्रदान करने वाला राज्य का एकमात्र संस्थान है। इसके अंतर्गत विश्वविद्यालय प्रतिवर्ष 2400 कुशल पायलट तैयार करने में सक्षम होगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रथम बैच के रूप में आगामी सप्ताह में होने जा रहा है।


#### ट्रेनिंग व प्लेसमेंट सेंटर लोकार्पित

विश्वविद्यालय में न्यूक्लियशटेक कंपनी द्वारा बनाए गए ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट सेंटर का आज लोकार्पण किया गया। उप मुख्यमंत्री एवं अन्य अतिथियों ने सेंटर का अवलोकन भी किया। इस कंपनी द्वारा प्रति वर्ष 100 छात्रों को रोजगार एवं ट्रेनिंग के अवसर प्रदान किये जायेगें।

#### विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार

कुलपति प्रो. एमके वर्मा ने उपमुख्यमंत्री के आगमन पर उनके स्वागत संबोधन में कहा कि उनकी उपस्थिति से विश्वविद्यालय को नयी दिशा तथा ऊर्जा मिली। उन्होंने सर्वेक्षण के लिए विभिन्न क्षेत्रों में यूएवी मानव) रहित विमान, महत्व बताते हुए जल जीवन मिशन वन विभाग, एसईसीएल का उल्लेख किया तथा आरपीटीओ द्वारा शिक्षित बेरोजगारों को विभिन्न क्षेत्रों में उपलब्ध रोजगार के अवसर का उल्लेख करते हुए भविष्य में इस तकनीक के द्वारा बहुआयामी सेवाओं की बात कही।


मकर संक्रांति एवं पोंगल की
हार्दिक शुभकामनाएं
Makar SANKRANTI



Asha NATURE Cure
Wellness Center
DR. AMIT VASNIK
BNYS (Naturopathy Physician)
Acupuncturist (FIBAA) Pune
Ayush Reg. No. - CG03935
Speciality :-
· Naturopathy Treatment · Yoga (For Fitness & Disease)
· Diet Consultation · Acupuncture & Acupressure ·
Physiotherapy · Shirodhara · Vasti Karma (Panchkarma)
St. - 26 Plot No. 401, Near SBI ATM,
Smriti Nagar, Bhilai (C.G.)
CALL : 87704 18564, 7828222443


मकर संक्रांति एवं
पोंगल की
हार्दिक
शुभकामनाएं
श्रीमती स्वीटी कोशिक
महिला मोर्चा, जिला अध्यक्ष भा.ज.पा. भिलाई


SANGHARSH
संघर्ष कोचिंग संस्थान
CG/CBSE/ICSE BOARD
कक्षा 6वीं से 12वीं
विज्ञान एवं गणित
अंग्रेजी एवं हिन्दी माध्यम
NEET, IIT-JEE, FOUNDATION
IMA चौक के सामने मोहन नगर, दुर्ग (छ.ग.)
मो.: 9131186009, 7987749704


RADHANA
PUBLIC SENIOR SECONDARY SCHOOL
RPS
(ENGLISH MEDIUM)
Affiliated to State Board
ADMISSION OPEN
CLASS NURSERY, KG-I, KG-II &
CLASS 1 TO 12TH ALL SUBJECT
Maths, Bio, Commerce &
Arts, Minimum Fees &
Better Education Computer
Training & Spoken Classes
(Under Consideration)
From Starting for Students
VEHICLE FACILITY
AVAILABLE
SURYA NAGAR, LINK ROAD, CAMP-2, BHILAI, DIST-DURG (C.G.)
E-mail : Vgovind056@gmail.com
9826135582, 6260337897, 9229571167, 0788-4031084


GKS
Gandhi Kids School
ADMISSION OPEN
Class I to V Coming Soon
PLAY GROUP
NURSERY
KG-1
KG-2
DAY CARE
Adarsh Nagar, Opp. Chopda Palace,
Pulgaon Road, Durg (C.G.)
Mob.: 7020945852, 8109305532


गंगा इन्टरप्राइजेस
पेंट्स, इलेक्ट्रिकल्स, हार्डवेयर, सेनेटरी,
प्लम्बिंग सामान, पंखा, मिक्सी, प्रेस, टाईल्स, एडहेसिव,
टुल्लू पंप इत्यादि के विक्रेता
PLASTO
Vinay
Dulux
ANCHOR
ASTRAL PIPES
कदम प्लाज़ा के पास, धनोरा रोड, बोरसी,
दुर्ग मो.: 9479261840


मकर संक्रांति एवं पोंगल की हार्दिक शुभकामनाएं...
Nikhaar
FANCY STORES
मांग टीके से पैर की बिछिया तक सम्पूर्ण ज्वेलरी का विशाल संग्रह
Nikhaar Bangles
दुल्हन के सेट व लांचा किराए पर उपलब्ध
थोक एवं चिल्हर विक्रता
• अमेरिकन डायमंड, कुंदन, पोल्की,पर्ल,एवं हाई फैशन ज्वेलरी का विशाल संग्रह
• ईमीटेशन एवं आर्टिफिशियल ज्वेलरी स्टोर
Mukesh Agrawal
9340378220, 9826186026
nikhaarjewellery-bhilai
Nikhaar Jewellery
Nikhaar Jewellery
Shop-47&49, 'A'-Market, Sec-6, Bhilai Nagar, Distt., Durg (C.G.)


SWAD AGAR
Sweets & Namkeen
शुद्ध एवं ताजा
दूध, दही, पनीर,
फ्रोज़न मटर, मशरूम
आदि शादी पार्टी के
अवसर पर
आर्डर लिया जाता है
KALAKAND
KAJU KATLI
RASGULLA
MALAI CHAAP
Sindhi Colony, Station Road Durg


समस्त देशवासियों को
मकर संक्रांति
की हार्दिक
शुभकामनाएं
एक शुभकामनाएं..


पोंगल एवं
मकर संक्रांति
के पावन पर्व की आपको
हार्दिक शुभकामनाएं
पी. श्रीनिवास राव (पी.सी.)
पूर्व अध्यक्ष जोन-3, नगर निगम, भिलाई

## निधन

### ताराबाई जांगड़े



**उतई।** सुभाष चौक डुंडेरा निवासी ताराबाई जांगड़े का आकस्मिक निधन शनिवार को हो गया। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया। वे सतनामी समाज के साटीदार राकेश जांगड़े की मां थीं।

### सुरेश कुमार खटिक



**भिलाई।** साहू सदन केलाबाडी दुर्ग निवासी सुरेश कुमार खटिक (ढोके) का निधन हो गया। सुरेश कुमार धमधा स्थित शासकीय महाविद्यालय के सेवानिवृत्त कर्मी थे। वे खुशबू, स्वीटी, ऋषभ, आभाष के पिता थे। अंतिम संस्कार दुर्ग स्थित हरनाबांध मुक्तिधाम में किया गया।

### सुबीर कुमार चक्रवर्ती



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के सेवानिवृत्त सहायक महाप्रबंधक सुबीर कुमार चक्रवर्ती का शनिवार को सेक्टर 9 हास्पिटल में निधन हो गया। वे नगर सेवा विभाग के आवास अनुभाग में कार्यरत सोमन चक्रवर्ती के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार रविवार को रामनगर मुक्तिधाम में होगा। अंतिम यात्रा निवास क्वार्टर 9-बी, सड़क 6 सेक्टर 7 से निकलेगी।

### कृषि महाविद्यालय मर्रा में मनाई गई स्वामी विवेकानंद जयंती

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर हुई भाषण पेंटिंग और रंगोली प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

सन्त विनोबा भावे कृषि महाविद्यालय मर्रा में आध्यात्म तथा वेदांत दर्शन के संवाहक स्वामी विवेकानंद की जयंती राष्ट्रीय युवा दिवस के तौर पर मनाई गई। करोड़ों युवाओं के प्रेरणा स्त्रोत स्वामी विवेकानन्द की जयंती पर संगोष्ठी में युवाओं ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर भाषण, पेटिंग, रंगोली सहित अन्य प्रतियोगिताएं रखी गई थी।

इस मौके पर अधिष्ठाता ओपी परगनिहा ने कहा कि इस देश का भविष्य एक युवा ही बदल सकता है, देश को नई ऊंचाइयों तक पहुंचा सकते हैं।

मुख्य अतिथि हर्षा चन्द्राकर ने विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके विचारों को जीवन में उतारने का आह्वान किया। उन्होंने युवाओं से कहा कि संघर्ष कितना भी करना पड़े पर हमें अडिग रहकर लक्ष्य प्राप्त करना है। लोकमणी चन्द्राकर द्वारा विकसित भारत 2047 के संकल्प की सभी को शपथ दिलाई।

महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ ओपी परगनिहा ने कहा कि 2019 में मर्रा कृषि महाविद्यालय की शुरुआत हुई थी। आज चार वर्ष पूरे हो चुके है। महाविद्यालय में केवल विद्यार्थियों को ज्ञान देने के ही नही बल्कि अनुसन्धान के कार्य भी किये जा रहे हैं और कृषकों तक कृषि तकनीक पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी की मंशा अनुरूप विकसित भारत की परिकल्पना के तहत युवाओं को जागरूक कर सुझाव देने प्रेरित कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमारा देश कृषि प्रधान है इसी लिए हमारा दायित्व बढ़ जाता है कि हम युवाओं को कृषि में उन्नत बनाये।

#### विद्यार्थियों से विचारों को जीवन में उतारने किया आह्वान



#### युवाओं को किया प्रेरित

युवा दिवस के अवसर पर महाविद्यालय के विद्यार्थियों को वक्ताओं ने प्रेरित किया कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि भूपेंद्र कुलदीप रजिस्ट्रार हेमचंद यादव विश्वविद्यालय ने विद्यार्थियों से अपने संघर्षों को साझा करते हुए कहा कि संघर्ष करना कभी नही छोड़ना चाहिए। अन्य वक्ता सुब्रत मजूमदार ने नरेंद्र से स्वामी विवेकानंद तक पहुंचने कि यात्रा को समझाते हुए विवेकानंद की जीवनी पर प्रकाश डाला।

#### विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन

युवा दिवस के अवसर पर महाविद्यालय में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया था। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम कविता वर्मा, द्वितीय सहिल साहू, रंगोली प्रतियोगिता प्रथम प्राची निकुंज, द्वितीय पूर्णिमा और चित्रकला में प्रथम लीना साहू, द्वितीय मुस्कान रही। सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरुस्कार वितरण किया गया।वहीं कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के सह प्राध्यापक डॉ. ए कुरैशी एवं डॉ. नितिन कुमार तुर्रे, एनएसएस प्रभारी डॉ सुशीला, सहायक प्राध्यापक डॉ रुथ, सहायक प्राध्यापक डॉ. दीपिका देवदास, डॉ. प्रशांत, डॉ. झरना, डॉ. अनु एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

#### विवेकानंद पर व्यक्त किए विचार

**सेलूद।** स्वामी विवेकानंद विचार मंच द्वारा स्वामी विवेकानंद की जयंती आयोजित की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिमाचल मढ़रिया थे कार्यक्रम की अध्यक्षता मानसिंह पटेल ने की। कार्यक्रम के संयोजक हेमंत मढ़रिया एवं अतिथियों द्वारा स्वामी विवेकानंद के तेलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम को शुरु किया। अमित मढ़रिया व आंचल मढ़रिया ने अतिथियों का स्वागत किया। हिमाचल मढ़रिया ने व्याख्यान देते हुए कहा कि भारत विज्ञान के क्षेत्र में प्रारंभ से ही अग्रसर रहा है लेकिन हम अज्ञानता वश अपने ज्ञान और विज्ञान को भूल बैठे थे जिसे स्वामी विवेकानंद जी ने पुनर्स्थापित करने में अपना योगदान दिया। मानसिंह पटेल ने कहा कि संतों के द्वारा समाज में सुधार होता है स्वामी विवेकानंद एक महान राष्ट्र संत थे। डॉ नौशाद सिद्दीकी ने काव्य पाठ किया। समारोह का संचालन हेमंत मढ़रिया एवं आभार प्रदर्शन बालमुकुंद मढ़रिया ने किया। इस अवसर पर हेमंत साहू, केयूर, भूषण साहू, सपना मढ़रिया, उषा रानी मढ़रिया, हमीदुन सिद्दीकी, जया झा, अखिलेश झा आदि उपस्थित थे।



# नगर पंचायत पाटन ने एक बार फिर मारी बाजी

### फाइव स्टार रेटिंग हासिल किया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

देश में हुए स्वच्छता सर्वेक्षण और स्टार रेटिंग में पाटन नगर पंचायत को 5 स्टार रेटिंग हासिल किया है। यह पाटन सहित छग के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि हैं। 11 जनवरी को दिल्ली में देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू के हाथों पाटन नगर पंचायत को अवार्ड मिला। यह अवार्ड मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, अध्यक्ष भूपेंद्र कश्यप, योगेश्वर उपाध्याय मुख्य नगरपालिका अधिकारी सूर्यकिरण तिवारी, अतिरिक्त सीईओ निर्मला मधुकर ने पुरस्कार लिया। यह सम्मान पाटन को लगातार दूसरी बार हासिल हुआ है। नगर पंचायत पाटन को स्वच्छता सर्वेक्षण में लगातार 4 वर्षो से अवार्ड मिल रहा है। जिसके अंतर्गत 2022 में प्रधानमंत्री आवास योजना का अवार्ड, 30 नवंबर 2023 को पूरे भारत में प्रथम स्थान प्राप्त सीआईआई अवार्ड, स्वच्छ सर्वेक्षण 2023 को अवार्ड मिलने पर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने दिल्ली में नगर पंचायत अध्यक्ष भूपेंद्र कश्यप सीएमओं योगेश्वर उपाध्याय को प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त होने पर बधाई दी।

■ स्वच्छता सर्वेक्षण में देश में 1 लाख से कम आबादी वाले शहरों में दूसरा स्थान

स्वच्छता के क्षेत्र में नगर पंचायत पाटन ने प्रदेश के साथ भारत में अपनी अलग पहचान बनाई है। 2022 में भारत सरकार की शहरी विकास मंत्रालय की ज्वाइंट सेक्रेटरी रूपा मिश्रा की पूरी टीम के साथ नगर पंचायत पाटन के एसएलआरएम सेंटर का विजिट किया गया जहां स्वच्छता के क्षेत्र में पाटन के कार्यों को सराहा गया था। एसएलआरएम सेंटर की शुरूआत अंबिकापुर से हुई थी जिसे पूरे छत्तीसगढ़ के साथ देश ने अपनाया। जहां डोर टू डोर कचरा कलेक्शन की शुरु किया गया था देश में अंबिकापुर को स्वच्छता सर्वेक्षण में लगातार अवार्ड मिलता रहा है परंतु इस वर्ष 2023 के सर्वेक्षण में अंबिकापुर इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण पिछड़ गया। इस वर्ष भी स्वच्छता के लिए अवार्ड मिलने पर नगर के लोगो में हर्ष व्याप्त है। नगर पंचायत पाटन लगातार स्वच्छता सर्वेक्षण अवार्ड दूसरी बार प्राप्त करने वाला भारत का पहला नगर पंचायत है।

बिजनेस साइट

## रूंगटा डेंटल कॉलेज के स्टूडेंट्स बने यूनिवर्सिटी टॉपर्स



**भिलाई।** पं. दीन दयाल उपाध्याय मेमोरियल आयुष, स्वास्थ्य विश्वविद्यालय के बीडीएस अंतिम वर्ष के वार्षिक परिणाम घोषित हुए जिसमे कि संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशन के रूंगटा डेंटल कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने टॉपर्स लिस्ट में बाजी मारी। छत्तीसगढ़ के सभी 6 डेंटल कॉलेज के वार्षिक परिणाम रायपुर में घोषित किए गए हैं जिसमे की रूंगटा डेंटल कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने टॉप-10 प्रवीण्य सूची में अपना नाम दर्ज किया। ज्ञात हो कि आयुष यूनिवर्सिटी के बीडीएस अंतिम वर्ष के परिणामो में रूंगटा के 10 विद्यार्थियों ने टॉप -10 में अपना नाम दर्ज कराया। ज्ञात हो कि अंतिम वर्ष के परिक्षा परिणाम में टॉप-10 के सभी विद्यार्थी रूंगटा डेंटल कॉलेज के ही है। जब से रूंगटा डेंटल कॉलेज की स्थापना हुई है तब से यूनिवर्सिटी टॉप 10 रैंक में रूंगटा कॉलेज के ही स्टूडेंट्स का दबदबा रहा है। बीडीएस के छात्र-छात्राओं द्वारा उत्कृष्ठ प्रदर्शन पर संस्था के चेयरमेन संजय रूंगटा एवं कॉलेज के डीन डॉ. कार्तिक कृष्णा एम ने कहा की प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी रूंगटा कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने वार्षिक परीक्षाओ में बेहतरीन रिजल्ट का प्रदर्शन किया है। जिसके लिए कॉलेज के सभी छात्र-छात्राओं तथा फैकल्टीज बधाई के पात्र हैं । बीडीएस अंतिम वर्ष में वत्सला सिंग ने प्रथम स्थान प्राप्त किया और साक्षी शर्मा, अमिता भसानी एवं दिव्यज्योत कौर ने क्रमशः द्वितीय, तृतीया एवं चतुर्थ स्थान प्राप्त किया। कनु पाण्डेय, पलक अग्रवाल, अनन्या त्रिपाठी, आयुष माहापात्रा, एश्वर्या कोडोपी एवं नेहा अग्रवाल ने क्रमशः पाचवा, छठवा, सातंवा, आठंवा, नवां एवं दसवा स्थान प्राप्त किया।

## मानसरोवर विद्यालय के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम में दी प्रस्तुति




**भिलाई।** चरोदा मानसरोवर विद्यालय जंजगिरी अंग्रेजी माध्यम के प्रांगण में सांस्कृतिक कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि साइबर क्राइम विभाग जिला दुर्ग प्रमुख नरेश पटेल एवं विशेष अतिथि अंचल के सामाजिक कार्यकर्ता सुमित जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का आरंभ मां सरस्वती की प्रतिमा में माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। संस्था के प्राचार्य पवन कुमार साहू ने पुष्पगुच्छ से स्वागत किया। भारतीय संस्कृति की विशेषताओं से भरपूर बच्चों की कला नृत्य, गीत और गायन ने पालको का मन मोह लिया। कार्यक्रम में विकास की ओर बढ़ते भारत पर आधारित चंद्रयान, लोक संगीत पर आधारित सुआ, हल्बी, राजस्थानी, गरबा, संबलपुरी, नृत्य गीत की प्रस्तुति ने समां बांध दिया। देशभक्ति की भावना से भरपूर वीरांगना लक्ष्मीबाई की वीरतापूर्ण अंग्रेजों के साथ मुकाबला की संगीतमय प्रस्तुति ने सभी पालकों, विद्यार्थियों को राष्ट्रीयता से भरपूर कर दिया। कक्षा दसवीं की छात्रा जान्हवी की लक्ष्मी बाई की भूमिका की सराहना हुई। भगवान राम की प्रार्थना पर आधारित समूह गान और कृष्ण लीला नित्य तथा अष्टावक्र पर आधारित नाटक ने भारतीय संस्कृति की गरिमा से पूरे मंच को सराबोर कर दिया ।

## उदय महाविद्यालय में हुआ अतिथि व्याख्यान का आयोजन



**भिलाई।** उदय महाविद्यालय जामुल-भिलाई में शनिवार को अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें सहा. प्राध्यापक सेंट थॉमस महाविद्यालय डॉ. सोनिया पोपली ने विषय- मनोवैज्ञानिक परीक्षण गुण एवं सावधानियां पर व्याख्यान दिया। जिसमें छात्राध्यापकों को मनोवैज्ञानिक व्यावहारिक के बारे में बताया गया। उपलब्धि परीक्षण, बुद्धि परीक्षण, भाटिया बेटरी परीक्षण को विस्तारपूर्वक बताया। छात्राध्यापकों को अनुग्रहण किया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. अलिपा साहू, सहायक प्राध्यापक कलावती राव, प्रभा साहू, नीलम चौहान, पूर्णिमा साहू, रंजना त्रिपाठी, प्रभा प्रसाद, कल्पना गुप्ता, उपस्थित थे।

## श्रीसांई कॉलेज में मनाया राष्ट्रीय युवा दिवस



**भिलाई।** नंदिनी स्थित श्री सांई कॉलेज में विकसित भारत 2047 के अंतर्गत 12 जनवरी को बीएड एवं पीजीडीसीए के छात्रों के द्वारा विवेकानंद जयंती समारोह का आयोजन किया गया। जयंती समारोह के उपलक्ष्य में भाषण प्रतियोगिता, स्लोगन प्रतियोगिता एवं वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सभी विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विकसित भारत पर प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दिए गए। विचारों को प्रोजेक्टर के माध्यम से छात्रों को वीडियों में दिखाया गया। प्रतियोगिता में विजेता छात्रों को प्रथम, द्वितीय, तृतीय पुरस्कार भी प्रदान किया गया। संचालन विकसित भारत 2047 के नोडल अधिकारी प्रमिला चौहान द्वारा किया गया। प्राध्यापक रितेश श्रीवास्तव, ऋतु विश्वकर्मा, सुधीर कुमार ,सुकमल रेवा राम, मोहन विश्वकर्मा, केके प्रसाद ,यशस्वी वर्मा का महत्वपूर्ण सहयोग रहा प्राचार्य डा . सुनीता अग्रवाल ने सभी प्रतिभागियों के उज्जवल भविष्य की कामना की। जानकारी संस्था के अध्यक्ष सरिता विश्वकर्मा व उपाध्यक्ष डॉ मेघा विश्वकर्मा ने प्रेषित किया।

## निकुम में मेला मंडई 23 को

**निकुम।** श्री सिध्दपीठ दक्षिणामुखी हनुमान मंदिर निकुम प्रांगण में भव्य मेला मंड़ई 23 जनवरी मंगलवार को होगी, जिसमें रात्रि में छत्तीसगढ़ की लोक प्रसिद्ध झन भुलौ मां बाप ला मोखा पचपेड़ी नाच की मनमोहक प्रस्तुति रात्रि 9 बजे होगी। यह जानकारी उपसरपंच मनीष बेलचंदन ने दी।

## मनवा कुर्मी समाज का राज अधिवेशन रानीतराई में आज

**सेलूद।** छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी समाज पाटन राज के वार्षिक राज अधिवेशन का आयोजन आज रानीतराई में स्व टेक सिंह धुन्धर व स्व मंगलसिंह टिकरिहा सभा स्थल में आयोजित की गई है। राज प्रधान ओमप्रकाश वर्मा ने बताया कि इस अवसर पर सुबह 8 बजे कलश यात्रा बाबा देवता से सभा स्थल तक निकाली जाएगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, अध्यक्षता चोवाराम वर्मा केंद्रीय अध्यक्ष मनमा कुर्मी समाज रायपुर सहित अन्य जन होंगे।

## निकुम में कबड्डी आज

**निकुम।** जय जागृत मंडल एवं समस्त ग्रामवासी निकुम पुरानी बस्ती के तत्वाधान में मकर संक्रान्ति पर्व पर 14 जनवरी को एक द्विवसीय कबड्डी प्रतियोगिता होगी। जिसमें प्रथम पुरुस्कार 7001 रुपये ,द्वितीय पुरुस्कार 5001 रुपये ,तृतीय पुरुस्कार 3001,चतुर्थ पुरुस्कार 2001 व आर्कषक पुरुस्कार दिया जायेगा। यह जानकारी आयोजक प्रमुख जानी धनकर ने दी।

## उतई में डीजे डांस प्रतियोगिता आज

**उतई।** भव्य डीजे डाँस प्रतियोगिता का आयोजन 14 जनवरी को बंजारी पारा उतई में किया गया है। जिसमें प्रथम पुरस्कार 7001 रुपये, द्वितीय - 5001 रुपये, तृतीय 3001 रुपये, चतुर्थ 1001 रुपये रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक ललित चन्द्राकर होंगे।

## युवा लोक महोत्सव आज से

**जामगांव आर।** युवा लोक महोत्सव ग्राम गातापार में युवा संगठन के तत्वाधान में 14 ,15 जनवरी 2024 को आयोजित किया गया है। उक्त जानकारी देते हुए वेदप्रकाश साहू युवा संगठन मीडिया प्रभारी ने बताया की लोक महोत्सव कराने का उद्देश्य हमारी छत्तीसगढ की बोली ,आचार व्यवहार, संस्कृति को मंच के माध्यम से लोगो तक पहुंचना है।

## बाक्सिंग में श्रुति को मिला कांस्य पदक



**भिलाई।** डीएवी स्कूल द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतिस्पर्धा करनाल हरियाणा में 4 से 8 जनवरी को आयोजित हुआ। जिसमें भिलाई की श्रुति काशीपुरी ने बॉक्सिंग प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीतकर डीएवी स्कूल का नाम रौशन किया। श्रुति पिता कैलाश काशीपुरी और माता लीला देवी काशीपुरी की सुपुत्री है। श्रुति काशीपुरी के कोच बलवीर सिंह पपोसा है। जिसके सानिध्य में प्रशिक्षण ले रही है।

## 29 वीं बार किशन ने किया रक्तदान



**सेलूद।** रक्तदान को महादान कहा गया है। रक्तदान कर आप किसी की जिंदगी बचा सकते हैं और इंसानियत की मिसाल भी पेश कर सकते हैं। इसी कड़ी में पाटन क्षेत्र के ग्राम अचानकपुर के 45 वर्षीय किशन हिरवानी अभी तक 29वीं बार रक्तदान कर लोगों की जान बचा चुके है। किशन ने 18 साल की आयु में पहली बार रक्तदान किया था। उसके बाद से लगातार जरूरतमंदों को रक्तदान कर रहे हैं। श्री हिरवानी तहसील साहू संघ पाटन के मीडिया प्रभारी है।

# बाल कृष्ण की लीला सुनकर भक्त हुए भावविभोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई





सम्प्रति सेवा समिति भिलाई के तत्वावधान में श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह का आयोजन 2 बजे से श्रीरामभद्र सेवा मंडल सेक्टर 2 में सर्वजन कल्याणार्थ के उद्देश्य से किया जा रहा है। आचार्य पं संदीप तिवारी द्वारा कथा के पांचवे दिन पूतना वध, सकटासुर, तृवावर्त वध, बाल कृष्ण के माखन चोरी लीला, गोवर्धन पर्वत सहित अन्य प्रसंगों का विस्तार पूर्वक व्याख्या किया। बाल कृष्ण के माखन चोरी लीला की झांकी देखकर उपस्थित श्रद्धालु कृष्ण भक्ति में भाव विभोर हो उठे। शनिवार को कथावाचक ने गोवर्धन लीला का विस्तार पूर्वक वर्णन करते हुए बताया कि गोवर्धन का अर्थ है गोबर का धन। इंद्रदेव अपने बल और बल और पद के कारण लोगों से अपनी पूजा करवाते थे और उनकी बात न मानने पर ब्रजवासियों को इंद्र के प्रकोप का सामना करना पड़ा। देवराज इंद्र के कहने पर पूरे ब्रज में भीषण वर्षा हुई। इंद्र के इस कृत्य को देखकर कृष्ण ने उसके अभिमान को तोड़ने व ब्रजवासियों, पशु-पक्षियों को सुरक्षित करने गोवर्धन पर्वत को अपने बाएं हाथ की कनिष्ठ अंगुली से उठाया और ब्रजवासियों का उद्धार किया। आचार्य ने वासना रुपी राक्षसी पूतना, मन रुपी तृणावर्त व भोग रुपी सकटासुर का वध कर इनका उद्धार की कथा सुनाई।

# खेल से युवा शक्ति और प्रतिभा को प्रदर्शित करने का मिला अवसर: सीजू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ आज क्रिकेट प्रतियोगिता का फायनल व पुरस्कार वितरण

बैप्टिस्ट चर्च भिलाई बैप्टिस्ट यूथ फेलोशिप एवं भिलाई दुर्ग के समस्त मसीही समाज के सौजन्य से राज्य स्तरीय क्रिश्चियन फेलोशिप क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन हुडको स्थित रावण मैदान के टेनिस बॉल क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित किया गया है। जिसमें छत्तीसगढ़ राज्य के 16 टीमों ने भाग लिया। इस क्रिकेट टूर्नामेंट का उद्घाटन समारोह बैप्टिस्ट चर्च भिलाई के पास्टर रेव्ह. के. अजय की प्रार्थना से प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम के अध्यक्षता बैप्टिस्ट चर्च भिलाई के अध्यक्ष एम. जोनाथन ने की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मसीही समाज के जनप्रतिनिधि व एमआईसी मेंबर सीजू एन्थोनी थे। सचिव पी. जोशवा एवं कोषाध्यक्ष जीडी राजू ने पुष्पगुच्छ देकर मुख्य अतिथि का स्वागत किया। उन्होंने युवाओं से कहा कि खेलकूद एवं प्रतिस्पर्धा व्यक्तित्व को निखारने एवं व्यक्ति को अनुशासित करने के लिये अत्यंत महत्वपूर्ण है। जिसमें युवा शक्ति एवं प्रतिभा को प्रदर्शित करने का अवसर मिलता है। जो समाज के उत्थान एवं सकारात्मक दिशा में युवा उर्जा को दिशा दिखाने का कार्य करता है। इस उद्घाटन समारोह का संचालन के. जोयल द्वारा किया गया। इस अवसर पर आयोजन समिति के सदस्य एन. सालोमन, वाई. किरण, एम. प्रशांत, जी. अजय, वाई. इस्त्रायल, के. रामू एवं अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। 14 जनवरी फाइनल मुकाबला एवं पुरस्कार वितरण समारोह रहेगा।

## पाटन के नए एसडीएम दीपक ने संभाला पदभार



**पाटन।** एसडीएम पाटन विपुल कुमार गुप्ता के बिलासपुर स्थानांतरण के बाद कलेक्टर दुर्ग ने कार्य विभाजन किया। जिसमें दीपक कुमार निकुंज को एसडीएम पाटन बनाया गया। एसडीएम बनने के बाद शुक्रवार को पहली बार दीपक कुमार निकुंज पाटन पहुंचे और एसडीएम का प्रभार ले लिया। एसडीएम कार्यालय पाटन में प्रभार लेने के बाद पुष्प गुच्छ भेंट कर नए एसडीम का स्वागत किया।

## मंडई व चौसर स्पर्धा 17 को

**भिलाई।** चिंगरी में 17जनवरी को मंडई के साथ-साथ चौसर प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। मंडई मेला के उपलक्ष में रात्रि में छत्तीसगढ़ नाच पार्टी उच्चे टोला माटी के सिंदूर का कार्यक्रम होगा।

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-कोहका तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.)

**सीमांकन सूचना**

न्यायालय में मामला क्रमांक 202310101000091 दिनांक : 10/01/2024

आम जनता को सुचित किया जाता है कि माननीय तहसीलदार महोदय, दुर्ग के न्यायालयीन आदेशानुसार आवेदक श्री मदन सिंह पिता श्री रामेश्वर सिंह, निवासी-रिसाली, भिलाई द्वारा आवेदित स्थित भूमिस्वामी हक की भूमि ग्राम/मौजा कोहका प.ह.नं.-45 रा.नि.मं. कोहका, तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1652/3 रकबा 0.02 हे. भूमि का सीमांकन दिनांक 24/01/2024 को समय 11 से 5 बजे के बीच में सीमांकन किया जाना है। जिस किसी हितबद्ध पक्षकारो/संस्था को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति हो समस्त दस्तावेजो के साथ सीमांकन पूर्व मेरे समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है अन्यथा विधिवत सीमांकन कर दी जाएगी।

राजस्व निरीक्षक
कोहका

**नाम परिवर्तन**

सर्वसाधारण को सुचित किया जाता है कि मैं भोपेन्द्र सिंह राजपूत पिता यशवंत सिंह राजपूत निवासी मकान नं. 1028 शिव मंदिर के पास मॉडल टाऊन भिलाई तह. दुर्ग (छ.ग.) यह शपथ करता हूँ कि मैंने अपना यह पुराना नाम त्याग कर नया नाम भोपेंदर सिंह राजपूत पिता यशवंत सिंह राजपूत रख लिया है। अतः आज से मुझे समस्त शासकीय, अर्धशासकीय व अन्य दस्तावेजो में मेरे नये नाम भोपेंदर सिंह राजपूत से ही जाना एवं पहचाना जावें।

भोपेंदर सिंह राजपूत
मकान नं. 1028 शिव मंदिर के पास मॉडल टाऊन
भिलाई (छ.ग.)

**NAME CHANGE**

It is informed to the general public that I, BHOPENDRA SINGH RAJPUT S/o. YASHWANT SINGH RAJPUT resident of H.No. 1028, MODEL TOWN SHIV MANDIR KE PASS, BHILAI (C.G.) Have changed my old name BHOPENDRA SINGH RAJPUT S/o. YASHWANT SINGH RAJPUT, so in future I should be recognized by my new name that is BHOPENDER SINGH RAJPUT S/o. YASHWANT SINGH RAJPUT in all Government and other documents.

BHOPENDER SINGH RAJPUT
H.No. 1028, MODEL TOWN SHIV MANDIR KE PASS,
BHILAI (C.G.)

## उदासीनता : शहर में 11 करोड़ खर्च, उम्मीद पर खरा नहीं

# मिशन के कर्मचारी बने बाबू करोड़ों खर्च, खराब रैंकिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

स्वच्छता सर्वेक्षण 2023 में दुर्ग नगरनिगम में फैलवर साबित हुई है। कचरों के प्रोसेसिंग और डपिंग की ठोस तैयार नही होने से निगम 27वे रैंक से देश में 84वे रैंक पर चला गया है। निगम प्रशासन द्वारा मिशन क्लीन सिटी के कर्मचारियों को वार्डो की सफाई में कार्य कराने के बजाय निगम में बाबूगिरी कराई जा रही है। यही नही शहर में कई सालों से डस्टबीन भी नही बांटा गया। जिसके चलते गीला और सूखा कचरा के व्यवस्थापन में निगम का प्रदर्शन खराब रहा है।

उल्लेखनीय है कि, पिछले साल के स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 में देशभर के एक लाख की आबादी वाले शहर को शामिल किया गया था। इस दौरान निगम को देशभर में 27वा रैंक मिला था। लेकिन इस बार सुधार करने के बजाय निगम का खराब प्रदर्शन रहा और 84वें पायदान पर पहुंच गया। निगम प्रशासन सहित जिम्मेदार अधिकारियों की गैर रवैय्ये के चलते भी लोगों में नाराजगी है। स्वास्थ्य अधिकारियों सहित मैदानी अधिकारी शिकायत किए पर फोन तक नही उठाते है। आनलाइन शिकायत का भी बुरा हाल है। इन तमाम लापरवाही के चलते भी निगम को ठोस रैंकिंग नही मिल पाई और आज सफाई में करोडों फूंकने के बाद भी रिजल्ट फिसड्डी साबित हुई है।

### निगम प्रशासन की उदासीनता, पिछड़ गया रैंकिंग में दुर्ग


दुर्ग। इंदिरा मार्केट में दिवाली पर्व के बाद लंबे समय तक कचरे का नहीं हुआ था उठाव।

### हर माह करोड़ों रुपए फूंक रहे

जानकारी अनुसार दुर्ग निगम हर साल सफाई के नाम पर 11 करोड 25 लाख और सेग्रिगेशन पर हर साल एक करोड रूपए खर्च कर रहा है। इसके आलावा एमसीसी में हर माह लाखों रूपए की राशि वेतन में खर्च हो रहा है। इसके बाद भी रैंकिंग सुधरने के बजाय बिगड गई है। निगम प्रशासन की ठोस प्लानिंग नही होने का खामियाजा रैंकिंग में दिख रहा है।

### दफ्तरों में जमे कर्मचारी

राज्य शासन द्वारा प्लेसमेंट में 550 कर्मचारियों की भर्ती का प्रावधान किया गया है। लेकिन दुर्ग निगम में भर्ती के आड में राज्य शासन से बगैर अनुमति लिए 735 कर्मचारियों की भर्ती की गई है। पार्षद मदन जैन ने इस मामले में लेनदेने किए जाने का आरोप लगाकर भर्ती निरस्त करने की भी मांग की थी। इस तरह सफाई कर्मियों को बाबूगिरी का काम दिए जाने के चलते रैंकिंग प्रभावित हो गई।

### रैंकिंग में यह कारण रहे

दुर्ग को वाटर बॉडी यानि तालाबों की सफाई और सामुदायिक शौचालयों की सफाई में 100-100 नंबर मिले है। यहां तालाब और शौचालय गंदे मिले है। सालों से सफाई नहीं हुई। घर में डस्टबिन नही बांटना, डेढ़ लाख घरों में डस्टबिन ही नहीं। गीला सूखा कचरा अलग से उठा नहीं रहे है, इसलिए पिछड़ गया दुर्ग निगम। इसके आलावा कचरे की छटनी और प्रोसेसिंग भी नहीं कर पा रहे हैं।

### वसूल रहे चार्ज, संसाधन नहीं

निगम द्वारा वर्ष 2017 में डस्टबीन का वितरण किया गया था। जबकि हर घर से हर माह 50-60 रूपए सर्विस चार्ज वसूला जा रहा है। लेकिन डस्टबीन नही बांटा गया। इसी तरह सफाई कामगारों ने बताया कि, उन्हें ट्राली वाले डस्टबीन नही दिया गया। सफाई कामगारों के पास भी संसाधन की कमी है। गिने चुने एसएल आरएम सेंटर है।



## क्रांतिकारी सूर्य सेन की शहादत को किया याद

दुर्ग। युवा संघर्ष समिति द्वारा क्रांतिकारी नेता मास्टर दा सूर्य सेन को जिला अध्यक्ष दिनेश चौरे के नेतृत्व में श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा भारतीय आजादी आंदोलन का एक अनन्य व्यक्तित्व जो खुद तो अपना तन, मन, धन देश की आजादी के लिए समर्पित कर दिया। कार्यक्रम में आशीष शर्मा, लक्ष्मण लिल्हारे, प्रहलाद सिन्हा शामिल हुए।

## कार्य की गुणवत्ता से समझौता बर्दाश्त नहीं : महापौर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ सड़क निर्माण कार्य का महापौर ने किया निरीक्षण

महापौर धीरज बाकलीवाल ने पूर्व महापौर आरएन वर्मा, पार्षद सतीश देवांगन, काशीराम रात्रे एवं उपअभियंता विकास दमाहे के साथ अधोसंरचना मद 15 लाख की लागत से सीमेंटीकरण सड़क निर्माण किया जा रहा है जिसका अवलोकन करने पहुंचे महापौर धीरज बाकलीवाल ने निरीक्षण के दौरान मौजूद अधिकारियों को निर्देशित किया कि कार्य की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। गड़बड़ी नजर आने पर तुरंत कार्रवाई करने की बात कही। महापौर ने बताया कि सड़क का सीमेंटीकरण अधोसंरचना मद आयोग की राशि से किया जा रहा है।



सड़क पूर्व में स्वीकृत हुई, लेकिन आचार संहिता की वजह से काम शुरू नहीं हो पाया था। बेस पहले ही तैयार किया गया था। अब सीमेंटीकरण किया जा रहा है। शहर में निरन्तर निर्माण कार्य शुरू किया गया है। महापौर धीरज बाकलीवाल द्वारा वार्ड 26 क्षेत्र का बीते दिनों सड़क का जायजा कर निरीक्षण किया गया था।




## बढ़ते ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने प्रशासन उठाए ठोस कदम : उमरे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

शहर में बढ़ते ट्रैफिक दबाव से निजात दिलाने व यातायात व्यवस्था सुदृढ़ करने कार्ययोजना तैयार करने का आग्रह किया है। पूर्व एल्डरमैन डॉ प्रतीक उमरे ने बताया कि दुर्ग के लगभग सभी चौक चौराहों पर रोज जाम की स्थिति निर्मित होती है। जिसकी वजह से लोगों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। खासकर नौकरी पेशा वर्ग को लेटलतीफी का शिकार होना पड़ता है। दुर्ग शहर की यातायात व्यवस्था बिना पटरी के चल रही है। इस संबंध में ट्रैफिक विभाग भी कोई खास कार्रवाई करते नहीं दिख रहा है। ट्रैफिक कर्मियों द्वारा यातायात सुधारने के नाम पर चौराहों पर बिना हेलमेट के चालान काटकर यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने की इतिश्री कर ली जाती है। जबकि दुर्ग शहर के मुख्य बाजार इंदिरा मार्केट के साथ ही अंदरूनी चौक चौराहों एवं सड़कों में बेतरतीब खड़े वाहनों पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। जिससे शहर में बदहाल यातायात व्यवस्था से हर कोई परेशान हो गया है। आवारा मवेशियों की धरपकड़ का अभियान खानापूर्ति के लिए चलाया गया। जिस वजह से आए दिन सड़क में आवारा मवेशियों की वजह से दुर्घटनाएं हो रही है। पूर्व एल्डरमैन डॉ प्रतीक ने शहर में ट्रैफिक जाम की समस्याओं से निजात दिलाने एवं सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने प्रशासन को ठोस और सार्थक कदम उठाने की मांग की है।

## वार्ड में कलश निकालकर दिया अयोध्या आने का आमंत्रण पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर किया भ्रमण

राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा 22 जनवरी के लिए अक्षत एवं आमंत्रण पत्र वितरण कार्यक्रम के दौरान वार्ड नंबर 23 दीपक नगर में महा कलश यात्रा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर वार्ड की लगभग 100 से अधिक महिलाओं ने कलश धारण कर कलश यात्रा में योगदान दिया।

कीर्तन एवं भजन करते हुए घर-घर दस्तक देकर राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा हेतु आमंत्रण पत्र वितरित किया गया। कलश धारण करने वाली महिलाओं में छाया पार्षद श्रीमती प्रियंका, जंत्री निर्मलकर, अंजू निर्मलकर, चंपा निर्मलकर, सीता धनकर, मंजू यादव, सुनीता शर्मा, लक्ष्मी पटेल, सीमा सिंह, लक्ष्मी राजपूत, संगीता सोनकर, शांति निर्मलकर, सरोज यादव, चमेली विश्वकर्मा सहित अन्य महिलाएं शामिल रही। कार्यक्रम में पार्षद श्रीमती मीना सिंह, पूर्व पार्षद विजय जलकारे, अनूप गटागट, श्रीमती नंदा साहू, गोलू सोनी, हरीश साहू केशव पटेल की भूमिका रही।

## कॉलेज में मनाया गया राष्ट्रीय युवा दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

सेठ आरसीएस कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 12 जनवरी को राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया । इस अवसर पर हिंदी के विभागाध्यक्ष डॉ दुर्गा शुक्ला ने कहा कि स्वामी विवेकानन्द का मानना था कि जीवन का उद्देश्य दूसरों की सेवा करना है। उन्होंने जीवन भर सेवा के महत्व पर जोर दिया और लोगों को समाज की भलाई के लिए काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। वे धार्मिक संकीर्णता के घोर विरोधी थे। डॉ भावना वर्मा ने कहा कि आज ही के दिन एक युवा तपस्वी ने भारत भूमि पर जन्म लिया था, जिसने भारत को विश्वगुरू के रूप में पुनर्स्थापित किया इस अवसर पर प्राचार्य डॉ पूजा मल्होत्रा, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी एवं विभिन्न विभागों के प्राध्यापकों एवं रासेयो के स्वयंसेवक व छात्र-छात्राएं उपस्थित रहें।

